‘एक स्टेशन एक उत्पाद योजना’

चर्चा में क्यों?

23 अप्रैल, 2022 को स्थानीय कला और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये कृषिपरामर्श और ग्रामीण विकास संस्थान ने दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के राँची रेलवे डिवीजन के तहत राँची स्टेशन पर ‘एक स्टेशन एक उत्पाद योजना’ का दूसरा अस्थायी स्टॉल शुरू किया।

प्रमुख बिंदु

- योजना के तहत राँची रेलवे स्टेशन पर संचालित यह स्टॉल 24 अप्रैल से 8 मई तक हाथ से बुने हुए बैग, बाँस उत्पादों और बुनी हुई कलाकृतियों की प्रदर्शनी सह बिक्री करेगा।
- ‘एक स्टेशन एक उत्पाद योजना’ के तहत, 15 राँची रेलवे मंडल के उन स्टेशनों का चयन किया जाना है, जहाँ स्थानीय कलाओं और कारीगरों को बढ़ावा देने के लिये स्टॉल खुले हैं।
- ‘एक स्टेशन एक उत्पाद योजना’ के तहत राँची रेलवे स्टेशन पर यह दूसरा अस्थायी स्टॉल है। इससे पूर्व झारखंड सिल्क टेक्सटाइल एंड हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) का 15 दिवसीय अस्थाई स्टाल लगाया गया है।
- स्टॉल के माध्यम से रेलवे स्टेशन पर यात्री वहाँ के विशेष उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उसे आसानी से खरीद सकेंगे। इससे स्थानीय रोज़गार बढ़ेगा और उत्पाद का प्रचार भी होगा।
- उल्लेखनीय है कि अलग-अलग जगहों के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने में रेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए केंद्रीय बजट 2022-23 में ‘एक स्टेशन एक उत्पाद’ योजना की घोषणा की गई थी।
- 25 मार्च, 2022 को भारतीय रेल के 19 स्टेशनों पर इस योजना की शुरुआत की गई थी। इसके बाद इसे 69 अन्य स्टेशनों तक बढ़ाया गया। इसकी सफलता के बाद देश भर में 1000 रेलवे स्टेशनों पर चरणबद्ध तरीके से इस योजना को लागू किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/one-station-one-product-scheme